# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

संस्थान परिसर में आयोजित समारोह : 26 जनवरी 2024

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान(ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा शुक्रवार को अपने परिसर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएमसीएच, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ ए के अत्री ने ध्वजारोहण किया। । उन्होंने संस्थान के सभी छात्रों, अभिभावकों एवं कर्मियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।
डॉ अत्री ने की बताया कि ग्रिड एक मंदिर की तरह है क्योंकि हमलोग यहां उन बच्चों का मार्गदर्शन के लिए हैं, जिनको भगवान ने स्पेशल नीड के लिए भेजा है

इस अवसर पर संस्थान के विशेष विद्यालय एवं कॉलेज के छात्रों ने संगीत एवं नृत्य पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दिव्यांग छात्रा यशिका ने देश रंगीला गीत की धुन पर एकल नृत्य की प्रस्तुति कर दर्शकों का मन मोह लिया।

वहीं दूसरी तरफ, ग्रिड के 65 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने परेड ग्राउंड, सेक्टर 17 में चंडीगढ़ प्रशासन के द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भगत पूरन सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट, पलसोरा के दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर 4 मिनट 20 सेकंड का एक मनमोहक देशभक्ति मैशअप का प्रदर्शन किया एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा संस्थान के विशेष विद्यालय और कॉलेज के छात्रों, स्कूल के टीचिंग स्टाफ, क्लीनिक स्टाफ, कार्यालय के सहायक कर्मचारियों को उनके कार्य में उत्कृष्टता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रशस्ति पत्र से सम्मानित व्यक्तियों की सूची निम्नवत है –

1. **संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्र :** अलीशा (प्रिप्रेटरी 1), रिपोर्नो मंडल,(प्राइमरी ए), अभय शर्मा (प्री वोकेशनल), आकाश शर्मा (पॉटरी सैक्शन), पूजा (ज्वेलरी मेकिंग सैक्शन), अजय (मसाला ग्राइंडिंग सैक्शन)।

2. **संस्थान के कॉलेज के छात्र (2021 - 23 सत्र) :** भारती, एम. एड,. विशेष शिक्षा - बौद्धिक दिव्यांगता; बिनीत, बी.एड. विशेष शिक्षा - बौद्धिक दिव्यांगता; अमित कुमार, डी. एड. विशेष शिक्षा - बौद्धिक दिव्यांगता ।

3. **अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट, गोवा के विजेता छात्र::** यशिका, साहिबजीत, वंदना, अजय, रामशरण अंजलि एवं यक्षप।
4. **संस्थान के स्टाफ :** उषा, स्पेशल एजुकेटर (डीएमआर); अमनदीप कौर, स्पेशल एजुकेटर (डीएमआर); कमलदीप कौर, वोकेशनल इंस्ट्रक्टर; प्रीति सिंह, स्पीच थैरेपिस्ट;
5. **आउटसोर्स स्टाफ:** परनीत कौर (सोशल वर्कर), मीरा (लाइब्रेरी रिस्टोरर), अनिल (एमटीएस), मंजीत (एमटीएस), सुनीता (एमटीएस), बिमला (सफाई कर्मचारी), गुलाब (सफाई कर्मचारी)।

इस कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती वंदना सिंह, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि केएम, प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा, डॉ. सीडाना, डॉ. एम. करुप्पास्वामी एवं संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे ।





संस्थान के निदेशक, संयुक्त निदेशक, और अन्य अधिकारी गण राष्ट्रगान के दौरान।

जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के डायरेक्टर डॉ ए के अत्री श्रोताओं को संबोधित करते हुए

,





संस्थान के विशेष विद्यालय की छात्रा एकल नृत्य प्रस्तुत करते हुए।

संस्थान के कॉलेज की छात्राएं समूह नृत्य प्रस्तुत करते हुए।





जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सा संस्थान के डायरेक्टर डॉ ए के अत्रि से प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए छात्रगण।



कार्यक्रम देखते हुए छात्रगण, अभिभावकगण एवं संस्थान के कर्मी।



# ग्रिड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**दिव्यांग जगत @ चंडीगढ़।**

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान(ग्रिड), सेक्टर 31 के द्वारा शुक्रवार को अपने परिसर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएमसीएच, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ ए के अत्री ने ध्वजारोहण किया। । उन्होंने संस्थान के सभी छात्रों, अभिभावकों एवं कर्मियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

डॉ अत्री ने की बताया कि ग्रिड एक मंदिर की तरह है क्योंकि हमलोग यहां उन बच्चों का मार्गदर्शन के लिए हैं, जिनको भगवान ने स्पेशल नीड के लिए भेजा है

इस अवसर पर संस्थान के विशेष विद्यालय एवं कॉलेज के छात्रों ने संगीत एवं नृत्य पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दिव्यांग छात्रा यशिका ने देश रंगीला गीत की धुन पर एकल नृत्य की प्रस्तुति कर दर्शकों का मन मोह लिया।

वहीं दूसरी तरफ, ग्रिड के 65 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने परेड ग्राउंड, सेक्टर 17 में चंडीगढ़ प्रशासन के द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भगत पूरन सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट, पलसोरा के दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर 4 मिनट 20 सेकंड का एक मनमोहक देशभक्ति मैशअप का प्रदर्शन किया एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा संस्थान के विशेष विद्यालय और कॉलेज के छात्रों, स्कूल के टीचिंग स्टाफ, क्लीनिक स्टाफ, कार्यालय के सहायक कर्मचारियों को उनके कार्य में उत्कृष्टता के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रशस्ति पत्र से सम्मानित व्यक्तियों की सूची निम्नवत है ङ्क

**संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्र** – अलीशा (प्रिप्रेटरी 1), रिपोर्नो मंडल,(प्राइमरी ए), अभय शर्मा (प्री वोकेशनल), आकाश शर्मा (पॉटरी सैक्शन), पूजा (ज्वेलरी मेकिंग सैक्शन), अजय (मसाला ग्राइंडिंग सैक्शन)।

**भारती, एम. एड,. विशेष शिक्षा** – बौद्धिक दिव्यांगता; बिनीत, बी.एड. विशेष शिक्षा – बौद्धिक दिव्यांगता; अमित कुमार, डी. एड. विशेष शिक्षा – बौद्धिक दिव्यांगता ।

**अंतरराष्ट्रीय पर्पल फेस्ट, गोवा के विजेता छात्र**– यशिका, साहिबजीत, वंदना, अजय, रामशरण अंजलि एवं यक्षप।

**संस्थान के स्टाफ** – उषा, स्पेशल एजुकेटर (डीएमआर); अमनदीप कौर, स्पेशल एजुकेटर (डीएमआर); कमलदीप कौर, वोकेशनल इंस्ट्रक्टर; प्रीति सिंह, स्पीच थैरेपिस्ट;

**आउटसोर्स स्टाफ**– परनीत कौर (सोशल वर्कर), मीरा (लाइब्रेरी रिस्टोरर), अनिल (एमटीएस), मंजीत (एमटीएस), सुनीता (एमटीएस), बिमला (सफाई कर्मचारी), गुलाब (सफाई कर्मचारी)। इस कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रीति अरुण, विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती वंदना सिंह, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि केएम, प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा, डॉ. सीडाना, डॉ. एम. करुप्पास्वामी एवं संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे।

मीडिया कवरेज

## परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह : 26 जनवरी, 2024

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान के 65 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने परेड ग्राउंड, सेक्टर 17 में चंडीगढ़ प्रशासन के द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भगत पूरन सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट, पलसोरा के दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर 4 मिनट 20 सेकंड का एक मनमोहक देशभक्ति मैशअप का प्रदर्शन किया एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों और चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों ने इसकी खूब सराहना की।

संस्थान की तरफ से सुश्री आशिमा शर्मा और सुश्री शीतल इस परफॉर्मेंस की समन्वयक थी।

ड्यूटी पर तैनात अन्य गर्मियों की सूची इस प्रकार है -

शिक्षक : सुश्री मनीष शर्मा, डॉ परिणीता जिंदल, सुश्री मोनिका भंडारी और सुश्री प्रियंका सैनी। सहायक कर्मी : सुश्री सरोज, सुश्री राज कौर, सुश्री हेमा, सुश्री कल्पना, सुश्री आशा, सुश्री सुख दर्शन एवं सुश्री रवनीत। ग्रेड कॉलेज के छात्र : श्वेता, विनीत, रेशमा और शुभम।




एडवाइजर टू द एडमिनिस्ट्रेटर सह होम सेक्रेटरी श्री नितिन कुमार यादव ने ग्रीड और भगत पूरन सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के दिव्यांग विद्यार्थियों को ट्रॉफी दिया साथ में उनके शिक्षक।



अपने ट्रॉफी को प्रदर्शित करते हुए विजेता प्रतिभागी।



नृत्य का प्रदर्शन करते हुए ग्रीड एवं भगत पूरन सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के बौद्धिक दिव्यांग प्रतिभागी ।



नृत्य का प्रदर्शन करते हुए ग्रीड एवं भगत पूरन सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के बौद्धिक दिव्यांग प्रतिभागी ।



नृत्य का प्रदर्शन करते हुए ग्रीड एवं भगत पूरन सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के बौद्धिक दिव्यांग प्रतिभागी ।

## **"एट होम" समारोह   26 जनवरी 2024**

गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर परेड ग्राउंड में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले राजकीय बौद्धिक दिव्यांग जन पुनर्वास संस्थान के छात्र प्रतिभागियों को पंजाब गवर्नर हाउस में "एट होम" समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था। वहां विद्यार्थियों ने हाई टी का लुत्फ उठाया।




चंडीगढ़ के उपायुक्त श्री विनय प्रताप सिंह के साथ संस्थान के छात्रगण अभय, साहिब जीत और याशिका।